रोटरैक्ट क्लब गोरखपुर युवा एवं यूथ वेलफेयर एसोसिएशन तथा गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन गोरखपुर के इंदिरा बालविहार चेतना तिराहे पर किया गया ।

इस अवसर पर गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने सभी रक्तदाताओं एवं शिविर का आयोजन करने वाले गोरखपुर युवा एवं यूथ वेलफेयर एसोसिएशन को धन्यवाद देते हुए कहा कि जिस तरह से संस्थाओं द्वारा लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है वह सराहनीय पहल है। रक्त की आवश्यकता वाले रोगियों के लिए रक्त की उपलब्धता होने से रोगी की जान बच जाती है ।

इसी क्रम में है ब्लड बैंक के अधिकारी डॉ ममता जायसवाल ने सभी रक्तदाताओं को

रक्तदान से होने वाले फायदे के सन्दर्भ जानकारी दी और कहा की एक स्वस्थ व्यक्ति जिसकी उम्र 18 वर्ष से 65 के बीच है वह रक्तदान कर सकता है।

रक्तदान शिविर में यूथ वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष रत्नेश कुमार तिवारी ने कहा कि उनकी संस्था हमेशा जनहित में कार्य करने के लिए उत्सुक रहती है। और मानवता के लिए रक्तदान करना महादान है, ऐसे में रक्तदान शिविर का आयोजन करना उनकी संस्था की प्राथमिकता में रहता है । क्योंकि ऐसा करके रक्त की कमी से जूझ रहे व्यक्ति को रक्त मिल जाने से जीवनदान मिलता है ।

आज के शिविर में सभी रक्तदाताओं और रक्तदान के इस कार्यक्रम लिए संस्था यूथ यूटिल और गोरक्षनाथ चिकित्सलय के ब्लड बैंक को समाज सेविका सुधा मोदी, दिनेश मोदी, डॉ रूप कुमार बनर्जी, रक्तवीर जसपाल सिंह , आयुष अग्रवाल, पारूल यादव, गोविंद जायसवाल तथा वैभव गुप्ता ने धन्यवाद दिया। और कहा कि उनकी वजह से आज का रक्तदान शिविर संपन्न हुआ ।

रक्तदान शिविर में टीपू सुल्तान, विश्वनाथ, अखिलेश गुप्ता, घनश्याम अग्रवाल, धनंजय सिंह, राजेंद्र सिंह सहित 25 लोगों ने रक्तदान किया।